


## भारत ने बांग्लादेश को पारी और 130 रनों से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। भारतीय क्रिकेट टीम ने मयंक अग्रवाल के धमाकेदार दोहरे शतक के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश को इंदौर टेस्ट में पारी और 130 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही उसने सीरीज में 1–0 की महत्वपूर्ण बढ़त ले ली है। बांग्लादेश की टीम दोनों ही पारियों में भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आई और बड़ा स्कोर नहीं बनाने में असफल रही। मुशफिकुर रहीम (64) ने जुझारू अर्धशतक जरूर लगाया, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेहमान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 493 रन पर घोषित की। जिसकी वजह से उसके पास 343 रनों की बड़ी बढ़त हासिल थी। इसके बाद तीसरे दिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम की दूसरी पारी 69.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर महज 213 रनों पर समेट दी।

# हमारे पास फास्ट बोलरों का ड्रीम कॉम्बिनेशन: कोहली

## जब बुमराह करेंगे वापसी, तब विरोधी टीमों को होगी और भी मुश्किल

**क्रिकेट**

दोहरा शतक जड़ने वाले मयंक अग्रवाल की भी जमकर की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीन दिन के अंदर पारी के अंतर से टेस्ट मैच जीतने के बाद अपने फास्ट बोलरों की जमकर तारीफ की है। विराट कोहली ने कहा, हमारे पास तेज गेंदबाजों का ड्रीम कॉम्बिनेशन है, जो किसी भी पिच पर और किसी भी टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर सकते हैं।

मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इशांत शर्मा, उमेश यादव और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के 14 विकेट चटकाए, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जड़जा ने मिलकर 5 विकेट



निकाले। स्पिनर्स के खाते में गए इन 5 विकेट्स में जडेजा को कोई विकेट नहीं मिला और ये सभी विकेट अश्विन ने अपने नाम किए।

भारतीय तेज गेंदबाजों के बारे में कोहली ने कहा कि टीम अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना भी शानदार प्रदर्शन कर रही है, जो इस समय चोटिल हैं। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कोहली ने कहा, श्ये खिलाड़ी (तेज गेंदबाज) शानदार लय में है। जब वे गेंदबाजी करते हैं तो लगता है कि हर पिच अच्छी पिच है। जसप्रीत अभी टीम में नहीं है जब वह वापसी करेंगे तब विरोधी टीम को और मुश्किल होगी। उन्होंने कहा, वे हर स्पेल में विकेट निकाल सकते हैं। स्लिप के क्षेत्ररक्षकों को हमेशा तैयार रहना होता हैं क्योंकि उन्हें पता है कि गेंद किसी भी ओवर में उनके पास आ सकती है। यह किसी भी कप्तान के लिए एक ड्रीम कॉम्बिनेशन है। किसी भी टीम के लिए मजबूत गेंदबाज होना सबसे महत्वपूर्ण है।

मैच के बारे में पूछे जाने पर भारतीय कप्तान ने कहा, पता नहीं क्या कहना चाहिए, यह एक और शानदार प्रदर्शन है। हमारे बल्लेबाज काफी पेशेवर हैं। हम पांच बल्लेबाजों के साथ उतरे, जिसमें से एक खिलाड़ी ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी की। हम आगामी विदेशी दौरों पर ऐसा ही प्रदर्शन करना चाहते हैं। भारतीय टीम के मौजूदा प्रदर्शन की तुलना 2000 के शुरुआती दशक में ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन से की जा रही है। कोहली ने कहा, श्संख्या और रेकॉर्ड सिर्फ देखने के लिए होते हैं। वह किताबों में रहेगा, हम उस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम आगे आने वाले खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए मानकों को बनाए रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में हम भारतीय क्रिकेट के मानक को ऊंचा उठा रहे हैं। हम एक टीम के रूप में संख्या के बारे में परवाह नहीं करते हैं। हम भारत में गुलाबी गेंद से खेलने वाली पहली टीम बनने पर काफी उत्साहित हैं।

# नंबर–1 खिलाड़ी के रूप में सीजन का अंत करेंगे राफेल नडाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। स्पेन के दिग्गज राफेल नडाल भले ही अपना पहला एटीपी फाइनल्स का खिताब नहीं जीत पाए लेकिन वह साल के अंत में दुनिया के नंबर–1 खिलाड़ी बने रहेंगे। चोट से जूझने के बाद लंदन आने वाले स्पेनिश खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उन्हें राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन एलेक्सांद्र ज्वेरेव से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

नडाल ने इसके बाद हालांकि डेनिल मेदवेदेव और स्टेफनोस सिटसिपास को हराया लेकिन यह उनके सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। दूसरे ग्रुप में नोवाक जोकोविच भी



सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाए जिससे नडाल का नंबर एक पर बने रहना तय हो गया।

यह पांचवां अवसर होगा जबकि नडाल साल के आखिर में नंबर एक बने रहेंगे। इस तरह से वह रोजर फेडरर और जोकोविच की बराबरी कर लेंगे।

**जेवरेव की जीत से नडाल एटीपी फाइनल्स से बाहर:** मौजूदा चैंपियन ज्वेरेव की मेदवेदेव पर जीत के कारण राफेल नडाल का एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। नडाल ने स्टेफेनोस सिटसिपास से पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके 6–7 (4ध्7), 6–4, 7–5 से जीत दर्ज की लेकिन सेमीफाइनल में उनकी जगह अगले मैच पर निर्भर थी। जेवरेव की मेदवेदेव पर 6–4, 7–6 (7ध्4) से जीत का मतलब है कि वह आंद्रे अगासी ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

सिटसिपास पहले ही इस ग्रुप से अंतिम–4 में पहुंच गए थे। सिटसिपास इस ग्रुप से शीर्ष पर रहे और वह सेमीफाइनल में छह बार के चैंपियन रोजर फेडरर से भिड़ेंगे। जेवरेव का सामना ब्योर्न बोर्ग ग्रुप से शीर्ष पर रहे डोमिनिक थीम से होगा। फेडरर इस ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे थे।

## त्रिकोणीय टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज के लिए शुक्रवार को यहां 18 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। सुमन देवी थौदाम के नेतृत्व में यह टीम तीन से आठ दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में खेले जाने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगी। इस टूर्नामेंट में भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के अलावा तीसरी टीम न्यू जीलैंड की होगी। भारतीय टीम चार दिसंबर को न्यू जीलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरु करेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मुकाबला तीन दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच खेला जाएगा। जूनियर महिला टीम के कोच बलजीत सिंह ने कहा, 'इस साल हमें आयरलैंड और बेलारूस के खिलाफ खेलने से अच्छा अनुभव मिला है। हमें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया में कड़ी चुनौती मिलेगी।' टीमः बिचु देवी खरीबाम, रश्नप्रीत कौर, सुमन देवी थौदाम (कप्तान), इशिका चौधरी (उप–कप्तान), प्रियंका, महिमा चौधरी, मरीना लालरामिंघाकी, गगनदीप कौर, प्रभलीन कौर, मरियाना कुजूर, चेतना, रीत, बलजीत कौर, अजमिना कुजूर, ब्यूटी डुंगडुंग, शर्मिला देवी, दीपिका, लालरिंडिकी।

## न्यूज डायरी



### श्रीकांत हारे, हॉन्ग कॉन्ग ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत को यहां जारी हॉन्ग कॉन्ग ओपन के पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में शनिवार को हार का सामना करना पड़ा और इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। टूर्नामेंट में एकमात्र चुनौती रहे श्रीकांत को सेमीफाइनल में हॉन्ग कॉन्ग के ली चेयुक से खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेयुक ने वर्ल्ड नंबर–13 श्रीकांत को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21–9, 25–23 से मात दी। श्रीकांत पहला गेम 9–21 से गंवा बैठे। दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी की और एक समय 14–20 की बढ़त बना ली थी। लेकिन स्थानीय खिलाड़ी चेयुक ने इसके बाद जबर्दस्त वापसी और एक समय मुकाबला 22–22 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने 25–23 से गेम और मैच जीत लिया।

### महिला हाकी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 33 संभावित खिलाड़ी घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। हाकी इंडिया ने शनिवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 33 संभावित खिलाड़ी घोषित किये। यह शिविर न्यूजीलैंड दौरे से पहले भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित केंद्र में 18 नवंबर से शुरू होगा। तोक्यो ओलंपिक 2020 में जगह सुरक्षित करने के बाद भारतीय टीम अब कोच सोर्ड मारिन की देखरेख में अपनी लय बरकरार रखने पर ध्यान देगी। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम ने विश्व में 13वें नंबर के अमेरिका को कुल स्कोर में 6–5 से हराकर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया था। भारतीय टीम को अगले साल जनवरी – फरवरी में न्यूजीलैंड दौरे पर जाना है।

### चैलेंजर टूर्नामेंटः रामकुमार ने नागल को हराकर किया उलटफेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। रामकुमार रामनाथन ने केपीआईटी एमएसएलटीए चौलेंजर टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार को उलटफेर करते हुए सुमित नागल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। चौलेंजर स्तर के टूर्नामेंट में इस साल दोनों खिलाड़ी पहली बार आमने– सामने थे जिसमें 25 साल के रामकुमार ने तीसरी वरीयता प्राप्त नागल के खिलाफ 97 मिनट तक चले मुकाबले में 6–4, 7–6 से जीत दर्ज की। छठी वरीयता प्राप्त रामकुमार को फाइनल में पहुंचने के लिए दूसरी वरीयता प्राप्त जेम्स डकवर्थ की चुनौती से पार पाना होगा। डकवर्थ ने एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल में भारतीय खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद को दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 7–5, 4–6, 7–5 से हराया। एकल के बाद रामकुमार ने युगल वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। रामकुमार और पूरव राजा की शीर्ष वरीय जोड़ी ने क्वॉर्टरफाइनल में ट्यूनीशिया के अजीज डौगाज और फ्रांस के काल्विन हेमरी की जोड़ी को 6–3, 6–4 से हराया। क्लेन और प्रशांत की जोड़ी ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में भारत के निकी पूनाचा और अनिरुद्ध चंद्रशेखर की जोड़ी को 6–2, 6–3 से हराया।

### ऑक्सफर्ड बिग रीड एशिया प्रतिस्पर्धाः अंतिम दौर में पहुंचे पांच भारतीय छात्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छात्रों के पाठन तथा लेखन से जुड़ी वार्षिक प्रतिस्पर्धा श्ऑक्सफर्ड बिग रीड एशियाश के लिये अंतिम दौर में पहुंचने वाले छात्रों में पांच भारतीय भी शामिल हैं। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय प्रेस ने कहा कि भारत से पांच छात्रों बी आर निमीषा (मदुरै), अनन्या श्योरे, सारा सेन, नेहा छाजेड़ और शमा एस जहांगीरदार (सभी नागपुर से) शामिल हैं। इसके अलावा दो छात्र चीन और एक–एक पाकिस्तान और मलेशिया से है। इसके तहत पुरस्कार के रूप में एक आईपैड, एक ओयूपी पुस्तकों का बंडल, नकद ६ नराशि और प्रमाण पत्र दिया जाता है। प्रतियोगिता में चीन, मलेशिया, पाकिस्तान और भारत के स्कूलों से 6,000 प्रविष्टियां दी गई थीं। प्रतियोगिता में भारत के 20 स्कूलों के तीन सौ छात्रों ने भाग लिया।